# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 26 जनवरी 2024





# कश्मीर को सबसे ज्यादा वीरता पुरस्कार, दूसरे नंबर पर छत्तीसगढ़

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय वीरता और सेवा पुरस्कारों का किया ऐलान

*नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को राष्ट्रीय वीरता और सेवा पुरस्कारों का एलान कर दिया। गृह मंत्रालय की ओर से जारी लिस्ट के मुताबिक, इस साल पुलिस, अग्निशमन सेवा, होम गार्ड, नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवा के 1132 कर्मियों को इन पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। इन पुरस्कारों में राष्ट्रपति द्वारा दिए जाने वाले राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार (पीजीएम) से दो कर्मियों का सम्मान होगा। वहीं, 275 कर्मियों को वीरता पुरस्कार (जीएम) दिए जाएंगे। इन कुल 277 वीरता पुरस्कार पाने वालों में सबसे ज्यादा 119 कर्मी माओवाद और नक्सलवाद से प्रभावित इलाकों में तैनात रहे हैं। इसके अलावा 133 कर्मी जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के हैं। वहीं, दूसरे क्षेत्रों के 25 कर्मियों को भी उनकी वीरता के लिए सम्मानित किया जाएगा।*



### इन राज्यों के कर्मियों को पुरस्कार

275 वीरता पुरस्कारों में से सबसे ज्यादा 72 वीरता पुरस्कार जम्मू-कश्मीर पुलिस के कर्मियों को देने का एलान हुआ है। इसके बाद दूसरा नंबर छत्तीसगढ़ का है, जहां के 26 कर्मियों को यह सम्मान मिलेगा। इसके बाद झारखंड के 23, महाराष्ट्र के 18, ओडिशा के 15, दिल्ली के आठ, सीआरपीएफ के 65 और एसएसबी-सीएपीएफ व अन्य राज्य-केंद्र शासित प्रदेश की सेवाओं के 21 कर्मियों को वीरता पुरस्कार दिए जाएंगे।

पुलिस, अग्निशमन सेवा, होम गार्ड, नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवा के कुल 1132 कर्मी होंगे सम्मानित

753 सराहनीय सेवा के लिए भी पुरस्कारों का हुआ है ऐलान



### विशिष्ट सेवा के लिए 102 मेडल्स

इन वीरता पुरस्कारों के अलावा राष्ट्रपति की ओर से विशिष्ट सेवा के लिए 102 मेडल्स दिए जाएंगे। इनमें पुलिस सेवा को 94, दमकल सेवा को चार, नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड सेवा को चार मेडल्स देने का एलान किया गया है। राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पुरस्कारों के अलावा 753 सराहनीय सेवा के लिए भी पुरस्कारों का एलान हुआ है। इनमें 667 पुलिस सेवा, 32 दमकल सेवा, 27 नागरिक सुरक्षा-होमगार्ड सेवा को और 27 सुधार सेवा के कर्मियों को देने की घोषणा हुई।

### 31 पूर्व, सेवारत सीबीआई अधिकारियों को पुलिस पदक

कोयला और दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटालों और नीरव मोदी मामले जैसे बड़े भ्रष्टाचार मामलों की जांच करने वाले सीबीआई अधिकारी उन 31 पूर्व और सेवारत एजेंसी कर्मियों में शामिल हैं, जिन्हें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा।

---

गणतंत्र दिवस से पहले बड़ा आतंकी हमला नाकाम

## सेना ने पुलवामा में डिफ्यूज किया जिंदा एलईडी बम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय सुरक्षाबलों को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा सेक्टर में बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षा बलों ने एक आईईडी को डिटेक्ट किया और उसे बम निरोधक दस्ते की मदद से डिफ्यूज भी कर दिया। अतंकियों ने इस आईईडी को भारतीय सेना को निशाना बनाते हुट किया था। आगामी गणतंत्र दिवस से पहले आतंकियों की प्लानिंग भारतीय सेना को निशाना बनाने की थी। सुरक्षा बलों की मुस्तैदी के चलते एक बड़ी आतंकी घटना को टालने में मदद मिली। सेना इस वक्त इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है ताकि आतंकियों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। केंद्र सरकार कश्मीर में आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। इससे पहले 12 जनवरी को जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में भारतीय सेना के वाहन पर आतंकियों द्वारा हमला किया गया था। पुंछ के खनेतर क्षेत्र में आतंकवादियों ने सेना के वाहनों पर घात लगाकर हमला किया। जिसके बाद जवानों ने जवाबी फायरिंग की. इससे पहले राजौरी के डेरा की गली में दो सैन्य वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में चार सैनिक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए थे।

### 'आतंकी' की संपत्ति कुर्क

एक सप्ताह पहले ही जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में अधिकारियों ने आतंकवाद से जुड़े मामले में एक आरोपी की संपत्ति कुर्क की थी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा था कि यह संपत्ति अब्दुल सलाम राठेर की है, जिसका बेटा जहूर अहमद राठेर कथित तौर पर आतंकवादियों के सहयोगी के रूप में काम कर रहा था और आतंकवादियों को खाना, आश्रय और अन्य सहायता प्रदान कर रहा था। संपत्ति को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के विभिन्न प्रावधानों के तहत कुर्क किया गया।

---

बिहार में सियासी उठापटक तेज 'इंडिया' को एक और झटका

## विधानसभा भंग करेंगे नीतीश एनडीए में फिर होंगे शामिल!

एजेंसी ▶▶| पटना

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। पहले टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया। अब इंडिया गठबंधन को बनाने वाले नीतीश कुमार भी इससे अलग हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, नीतीश कुमार फिर से पाला बदलकर एनडीए में शामिल होने जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नीतीश कुमार की वापसी को मंजूरी दे दी है। चर्चा है नीतीश जल्द ही बिहार विधानसभा भंग कर सकते हैं। इधर, बीजेपी ने अपने सभी विधायकों को पटना बुलाया है। इस बीच नीतीश कुमार को पाला बदलने से रोकने के लिए लालू प्रसाद यादव एक्टिव हो गए हैं। उन्होंने नीतीश कुमार से फोन पर बात की है। वहीं, कांग्रेस के शीर्ष नेता भी नीतीश कुमार से संपर्क कर रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को परिवारवाद को लेकर लालू परिवार पर निशाना साधा था, जिससे बिहार की सियासत में हंगामा मच गया। नीतीश ने कहा था, "आजकल तो लोग अपने परिवार को ही आगे बढ़ाते हैं, लेकिन कर्पूरी जी ने कभी ऐसा नहीं किया। जननायक से सीखकर हमने भी कभी अपने परिवार को आगे नहीं बढ़ाया। कर्पूरी जी के जाने के बाद हमने उनके बेटे रामनाथ ठाकुर को आगे बढ़ाया। कौन क्या बोलता है, बोलता रहे।"

- फिर पाला बदलेंगे जदयू चीफ, भाजपा नेतृत्व ने वापसी को दी मंजूरी!



### *लालू की बेटी ने किया था पलटवार*

*नीतीश के कटाक्ष पर लालू की बेटी रोहिणी ने एक्स पर एक के बाद एक तीन पोस्ट किए। उन्होंने लिखा- "समाजवादी पुरोधा होने का करता वही दावा है, हवाओं की तरह जिसकी बदलती विचारधारा है।" हंगामा बढ़ने पर रोहिणी ने सभी पोस्ट डिलीट कर दिए।*

### बिहार में किस पार्टी के पास कितनी सीटें?


बिहार के महागठबंधन में आरजेडी और कांग्रेस के अलावा सीपीआई(एमएल), सीपीएम और सीएमआई शामिल हैं। बिहार विधानसभा में कुल 243 सीटें हैं। इस वक्त बिहार विधानसभा में जनता दल के 79, भाजपा- 77, जदयू- 45, कांग्रेस-19, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (एमएल-12, एआईएमआईएम-1, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के 4, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट) के 2, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के 2 और एक निर्दलीय विधायक हैं।

### नीतीश ने कब-कब बदला पाला

- साल 2014 में नरेंद्र मोदी बीजेपी के पीएम कैंडिडेट चुने गए। इसके विरोध में नीतीश कुमार ने बीजेपी से 15 साल पुराना रिश्ता तोड़ लिया था। उन्होंने कहा था– 'रहें चाहें या मिट्टी में मिल जाएं, लेकिन आपके साथ हाथ नहीं मिलाएंगे।'
- 2015 में बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले नीतीश कुमार ने दोबारा पलटी मारी। उन्होंने अपने धुर विरोधी लालू प्रसाद यादव से हाथ मिला लिया। नीतीश फिर सीएम की कुर्सी पर बैठे।
- इसके करीब ढाई साल बाद साल 2017 में डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का आईआरसीटीसी घोटाले में नाम आने के बाद नीतीश ने 'अंतरआत्मा' की आवाज सुनते हुए सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद भाजपा से गठबंधन करके सरकार बना ली।
- फिर 2020 में बिहार में विधानसभा चुनाव हुए। नीतीश कुमार ने बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और जीते भी। –दो साल बाद 2022 में नीतीश कुमार ने एक बार फिर पलटी मारी और राजद, कांग्रेस और लेफ्ट के साथ मिलाकर सरकार बना ली।

---

## लुम्बनी हाउस पहुंचे डा. हिमांशु



**हरिभूमि न्यूज : सुकमा।** हरिभूमि के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी ने गुरूवार को सुकमा के लुम्बनी हाउस पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के पिता स्व. लक्ष्मीनारायण देव के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने किरण देव, करण सिंह देव व देव परिवार के सदस्यों से मिलकर संवेदना व्यक्त की।

---

तेलंगाना में खड़गे ने साधा पीएम मोदी पर निशाना

## लोगों को भगवान की फोटो दिखाने से पेट नहीं भरता

**हैदराबाद।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने हैदराबाद, तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा कि भगवान की तस्वीर दिखाने से गरीब लोगों का पेट नहीं भरता है। उन्होंने यह भी कहा कि संकट के समय में पीएम नरेंद्र मोदी कोई न कोई बहाना खोज लेते हैं। पीएम ने भी कई वादे किए थे। वो मोदी की गारंटी के विज्ञापन छपवाते हैं। उन्होंने कहा कि वो दो करोड़ रोजगार देंगे? उन्होंने काला धन वापस लाने का भी वादा किया था और पंद्रह लाख रुपये देने का वादा किया था। क्या उन्होंने ऐसा किया?






# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 26 जनवरी 2024



# जय माँ समलेई

माँ समलेई के आशीर्वाद से
**'समलेई प्रकल्प'** का भव्य लोकार्पण
कल **२७ जनवरी १२:५०** बजे से होने जा रहा है।




**इस शुभ अवसर पर महा यज्ञ के साक्षी बनिए और उत्सव का आनंद उठाइए।**

समलेई प्रकल्प
२७ जनवरी, २०२४

लोकार्पण समारोह सभी ओड़िआ टीवी चैनलों और "IPR Odisha"
यूट्यूब चैनल पर प्रातः ८ बजे से लाइव देखा जा सकता है।



## चिंतन

# देश के मतदाता अपने अधिकार को पहचानें

भारतीय लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा भी है और सबसे पुराना भी है। मतदाता लोकतंत्र के भाग्यविधाता हैं। आज 25 जनवरी को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर देश में वोटरों की स्थिति और चुनाव प्रक्रिया, राजनीतिक सुधार आदि विषयों पर विवेचना जरूरी है। जबसे भारत में मतदाताओं को लुभाने के लिए 'रेवड़ी कल्चर' ने तेजी पकड़ी है, तब से जहां एक तरफ राजनीतिक शुचिता की मांग बढ़ी है, वहीं इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए चुनाव सुधार व केंद्रीय चुनाव आयोग के अधिकार में वृद्धि की जरूरत भी महसूस हुई है। एक स्वायत्त संस्था होने के बावजूद चुनाव आयोग पर सत्ता पक्ष के हितों में काम करने के आरोप लगते रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चुनाव प्रक्रिया में तकनीक के इस्तेमाल को दुनिया के सभी लोकतंत्रों के लिए एक उदाहरण कहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि केंद्रीय चुनाव आयोग संविधान प्रदत्त अपनी शक्ति व क्षमता से देश में सभी तरह के चुनावों को कराने में सफलता अर्जित की है, ईवीएम और वीवीपैट से चुनाव कराने में भारत विश्व में अग्रणी है, लेकिन इसके बावजूद न ही देश में रेवड़ी कल्चर पर रोक लग सकी है, न ही राजनीतिक दलों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आई है और न ही देश में अपेक्षित चुनाव सुधार हो सका है। सरकार जरूर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाती रहती है। सरकार ने 'माई वोट माई ड्यूटी' लघु फिल्म से एक वोट की शक्ति के महत्व को बताया है। इसके बावजूद मतदाताओं को प्रलोभन देने की प्रवृत्ति बढ़ी ही है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने युवा मतदाताओं में देश को बदलने की शक्ति को रेखांकित किया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सभी चुनावों के लिए एक ही मतदाता सूची की वकालत की है। यदि ऐसा होता है तो यह बड़ा चुनावी सुधार होगा। आधार लिंक्ड स्मार्ट मतदाता पहचान पत्र बनना चाहिए। देश में 'एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य' के सिद्धांत पर मतदान हो रहा है, लेकिन इस राजनीतिक प्रणाली में खामियां भी हैं। सुशासन के लिए सबसे अच्छे नागरिकों का चयन सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। चुनाव से पूर्व तक मतदाता सूची अपूर्ण रहती है। निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या में बहुलता भी एक बड़ी समस्या है। राजनीति के अपराधीकरण, जाति व धर्म को केंद्र में रखकर टिकट वितरण, चुनाव में धन बल के अनुचित प्रयोग हमारी चुनाव व्यवस्था के गंभीर दोष हैं। वर्ष 1974-75 में तारकुंडे समिति, वर्ष 1990 में चुनाव सुधार पर दिनेश गोस्वामी समिति, वर्ष 1993 में राजनीति के अपराधीकरण पर वोहरा समिति, वर्ष 1998 में चुनावों में राज्य वित्तपोषण पर इंद्रजीत गुप्ता समिति, वर्ष 1998 व 2004 में चुनाव सुधारों पर विधि आयोग की रिपोर्ट, वर्ष 2007 में शासन में नैतिकता पर वीरप्पा मोइली समिति, वर्ष 2010 में चुनाव कानूनों और चुनाव सुधार पर तनखा समिति की अनुशंसाओं के आधार पर चुनाव प्रणाली, चुनाव मशीनरी और चुनाव प्रक्रिया में कई सुधार किए गए हैं। मतदान की आयु 18 वर्ष की गई। ईवीएम का प्रयोग, एक्ज़िट पोल पर प्रतिबंध, चुनावी खर्च पर सीलिंग, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान, नोटा आदि उपाय भी किए गए हैं। इसके बावजूद साफ-सुथरे चुनाव चुनौती बने हुए हैं। चुनाव के दौरान नेताओं के धार्मिक स्थलों पर जाने और धार्मिक नारे लगाए जाने, पेड न्यूज़ और फेक न्यूज़ पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए। एक राष्ट्र एक चुनाव की दिशा में बढ़ने की जरूरत है। सबसे अधिक जरूरत मतदाता अपने अधिकार के महत्व को पहचानें और जागरूक होकर लोकतंत्र के सही अर्थ को स्थापित करें। प्रलोभन में ना पड़ें।

## सारा संसार



मोडीकुड भगवती मंदिर तमिलनाडु के कन्याकुमारी के तट पर कोलाचेल के पास स्थित मंदिर है। यह मंदिर माता भगवती की सुन्दर मूर्ती के आकर्षण के कारण लोकप्रिय बन गया है।



पुण्यतिथि

प्रो. सुरेन्द्र कुमार

# पुरुषार्थ व राष्ट्रप्रेम के अद्भुत संगम


> यद्यपि चौधरी मित्रसेन की नश्वर देह को पूरा हुए 13 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं, पर उनके द्वारा स्थापित विभिन्न औद्योगिक उपक्रम, शिक्षण-संस्थान, गुरुकुल तथा अन्य सामाजिक न्यास आदि अपने कार्यकलापों से उनके हमारे आसपास ही होने का निरंतर आभास कराते हैं। वे अपनी भौतिक देह से भले ही हमारे बीच में नहीं हैं, पर अपने कीर्तिमय शरीर से वे सब समय और सब जगह अपने निम्नलिखित प्रकार के सहस्रों अमृतमय वचनों से हमारा मार्गदर्शन करते हुए दिखाई देते हैं। चौधरी मित्रसेन ने आर्य मर्यादाओं के अनुकूल अपने गृहस्थ आश्रम का निर्वाह किया, जिन मर्यादाओं की प्रतिष्ठा उन्होंने अपने घर में की, वे उनके परिवार में आज भी विद्यमान हैं।

27 जनवरी को चौधरी मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि है। आज से 13 वर्ष पूर्व 27 जनवरी 2011 को 80 वर्ष की आयु में उन्होंने अपने नश्वर शरीर का परित्याग किया था। यद्यपि वे अपनी भौतिक देह से आज हमारे बीच में नहीं है, किन्तु उनका यशःशरीर आज भी हमारे बीच में विद्यमान है, जो अपनी अनंत सत्प्रेरणाओं से हमारे जैसे अनेक भूले भटके लोगों को कल्याण के मार्ग की ओर प्रेरित करता रहता है।

चौधरी मित्रसेन का जन्म 15 दिसंबर 1931 को हिसार जिले के खांडाखेड़ी नामक ग्राम में हुआ था। भारतीय इतिहास में यह वह समय था जब भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत के पश्चात देश में स्वतंत्रता की सुगबुगाहट दूर-दूर तक फैल रही थी। भारत का उस समय का यह संयुक्त प्रांत पंजाब इस हलचल से विशेष रूप से आंदोलित था। देश के नगर-नगर, गांव-गांव में नर और नारी देश की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किए जाने वाले संघर्षों के लिए स्वयं को संकल्पित कर रहे थे। ऐसे देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत वातावरण में चौधरी मित्रसेन आर्य का जन्म हुआ। आपके पिता चौधरी शीशराम पेशे से किसान थे और आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए अवैतनिक रूप से उपदेशक का कार्य भी करते थे। भारत की स्वतंत्रता का शंखनाद करने वाले महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा संस्थापित आर्य समाज की विचारधारा के उपदेशक, देशप्रेमी पिता के संस्कारों की छाप बालक मित्रसेन पर भी पड़ी।

10 वर्ष की आयु तक सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन तभी काले मोतियाबिंद के कारण पिता चौधरी शीशराम की आंखों की रोशनी सदा के लिए चली गई। विपत्ति अकेले नहीं आती की कहावत चरितार्थ हुई और चाचा हरिदास जी और बलवंत जी की छत्रछाया भी परिवार के ऊपर से उठ गई। परिवार के सामने उपस्थित हुए इस गहरे संकट के समय बालक मित्रसेन को अपनी तीसरी कक्षा की पढ़ाई बीच में ही छोड़कर बहुत कम आयु में ही खेती का काम संभालना पड़ा।

पिता और परिवार से मिले संस्कारों के बलबूते दृढ़ संकल्पों से भरे हुए बालक ने परिवार की बागडोर बखूबी संभाल ली। खेती का काम संभालते ही बुद्धिमान व पुरुषार्थी बालक ने यह जल्दी ही समझ लिया कि बिना उद्योग के केवल अकेले खेती के सहारे अपेक्षित प्रगति कर पाना बहुत मुश्किल है। अतः उन्होंने रोहतक में लेथ एंड इंजिन बोरिंग की मशीन पर कार्य करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। फिर 1949 में कुछ समय तक सोनीपत में एटलस साइकिल में नौकरी की, उसके बाद 1950 में रोहतक के बिजली घर में कार्य किया। इन सभी स्थानों पर कार्य करते हुए युवक मित्रसेन ने तकनीकी काम में महारत हासिल कर ली और इसके बाद 1954 में उदयपुर के कारखाने में कार्य किया। इस समय तक उन्हें इस क्षेत्र का पर्याप्त अनुभव हो चुका था। अतः उन्होंने उदयपुर में कार्य करते करते यह संकल्प किया कि अब अपना ही उद्योग आरंभ करना चाहिए और इस दृढ़ संकल्प के




साथ 1955 में उन्होंने लेथ एंड इंजन बोरिंग मशीन का कारखाना रोहतक में स्थापित किया।

बचपन में ही परिवार से देशप्रेम के जो संस्कार मिले थे वे युवा होते-होते इतने परिपक्व हो गए के 1957 के हिंदी सत्याग्रह में उन्होंने सक्रिय रूप से भाग लिया और सत्याग्रह करते हुए एक महीने से अधिक का समय जेल में बिताया। जीवन में कार्यकुशलता, पुरुषार्थ राष्ट्रप्रेम का जैसा बेजोड़ संगम चौधरी मित्रसेन जी के जीवन में देखने को मिलता है वैसा अद्भुत संगम अन्यत्र खोज पाना बहुत कठिन है। एक ओर उनके उद्योग का विस्तार रोहतक से उड़ीसा प्रांत के बड़विल होते हुए देश और विदेश के विभिन्न क्षेत्रों तक जा पहुंचा और दूसरी ओर वे समाज के हितकारी कार्यों को भी अपने समय, श्रम और धन से निरंतर आगे बढ़ाते रहे। उन्होंने समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी बुद्धिमत्ता, पुरुषार्थ, साहस और उदारता से जो मानदंड स्थापित किए हैं वे अतुलनीय हैं। चौधरी मित्रसेन ने आर्य मर्यादाओं के अनुकूल अपने गृहस्थ आश्रम का निर्वाह किया। जिन मर्यादाओं की प्रतिष्ठा उन्होंने अपने घर में की वे मर्यादाएं उनके परिवार में आज भी विद्यमान हैं। उनके परिवार के सभी सदस्य धार्मिक, ईश्वर उपासक, गुणानुरागी, राष्ट्रभक्त और पंच महायज्ञों के अनुष्ठाता हैं। प्रायः लक्ष्मी उपासकों के घर में सरस्वती का निवास नहीं देखा जाता, पर आपके परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का निवास है। आपकी और परिवार की सारस्वत अभिरुचि का ही यह परिणाम है कि आपके आश्रम तुल्य घर की चारदीवारी पर अंकित सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आज तक के आर्यावर्त के इतिहास की गौरवमयी झलकियां रोमांचक हर्षातिरेक का अनुभव कराती हैं। खांडाखेड़ी गांव में निर्मित मित्र स्मृति स्तंभ में प्रस्तुत की गई झलकियों से यह स्पष्ट तौर पर प्रतीत होता है कि उनका परिवार उनके आदर्शों पर चलते हुए उनकी आर्थिक विरासत के साथ-साथ सामाजिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत के सहेजने के लिए भी पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

यद्यपि चौधरी मित्रसेन की नश्वर देह को पूरा हुए 13 वर्ष व्यतीत हो गए हैं, पर उनके द्वारा स्थापित विभिन्न औद्योगिक उपक्रम, शिक्षण-संस्थान, गुरुकुल तथा अन्य सामाजिक न्यास आदि अपने कार्यकलापों से उनके हमारे आसपास ही होने का निरंतर आभास कराते हैं। वे अपनी भौतिक देह से भले ही हमारे बीच में नहीं है, पर अपने कीर्तिमय शरीर से वे सब समय और सब जगह अपने निम्नलिखित प्रकार के सहस्रों अमृतमय वचनों से हमारा मार्गदर्शन करते हुए दिखाई देते हैं कि- "सफलता का मूलमंत्र है आस्तिक भाव से उस ईश्वरीय सत्ता को स्वीकार करते हुए नेक इरादे और सच्चे मन से हंसते हंसते पुरुषार्थ करना" और यह कि "जिस भी समाज में आप रह रहे हैं उसमें इस तरह से रहना कि पड़ोसी को आपकी वजह से तकलीफ न हो। मन, वाणी और हाथ पैर से अपने से कमजोर को कभी हानि नहीं पहुंचाएं। अपने से कमजोर की रक्षा करना समर्थ की जिम्मेदारी है। जो मनुष्य सामर्थ्यवान होकर अपने से कमजोरों के प्रति दया, क्षमा और करुणा का भाव नहीं रखता वह समाज के लिए पशु से भी भयंकर है।"

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## शिवत्व की साधना



संकलित
दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

दरकार

डॉ. रमेश ठाकुर



# कोचिंग संस्थानों पर नकेल कसें

कोचिंग संस्कृति पर लगाम के लिए बीते एकाध दशकों में केंद्र सरकार की ओर से कई मर्तबा आदेश पारित हुए, जिनमें बंदिशों के कई तरह के दिशा-निर्देश शामिल रहे, पर किसी भी सरकारी आदेशों को कोचिंग संस्थानों ने ज्यादा दिनों तक नहीं माना? जैसे ही शोर कम हुआ, फिर से मनमानी शुरू कर दी। अब फिर से कोचिंगों पर नया सरकारी आदेश जारी हुआ है, जिसमें 16 वर्ष से कम आयु के छात्रों को कोचिंग की मनाही बताई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का ये कदम निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन बात वहीं आकर अटक जाती है, ये आदेश कब तक और क्या गारंटी है कि ये आदेश कोचिंग वाले तत्काल प्रभाव से मानेंगे। आदेश अगर मुकम्मल हो जाए, तो राजस्थान कोटा में आए दिन छात्र आत्महत्या नहीं करेंगे। खैर, पुरानी बातों को छोड़कर अब कोचिंग संस्कृति पर लगाम की इस नई पहल पर व्यापक रूप से बहस की दरकार है। आमजन से लेकर हुकूमतें भी अब जान चुकी हैं कि कोचिंग सेंटर किस तरह से शिक्षा के नाम पर गोरखधंधा करने लगे हैं। वह शिक्षा और छात्रों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय ने अपने आदेश में 16 साल से कम उम्र के छात्रों का जिक्र किया है। लेकिन सच्चाई इससे भी कहीं इतर है। यहां आर्मी स्कूलों में दाखिले का जिक्र करना जरूरी हो जाता है जहां, छात्रों को तो 10 उम्र से ही कोचिंग लेने पर विवश किया जाता हैं। शायद सरकार का इस ओर ध्यान नहीं गया। देश में 33 अधिकृत सैनिक स्कूलों के अलावा 5 राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल और एक राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज है जिनमें दाखिले की परीक्षा यूपीएससी के बराबर मानी है, वहां बिना कोचिंग के छात्र परीक्षा किसी भी सूरत में पास नहीं कर सकता। सामान्य स्कूलों के छात्र सैनिक स्कूलों की एंट्रेंस परीक्षा नहीं निकाल सकते, इसलिए उन्हें मजबूरी में कोचिंग लेनी पड़ती है। ऐसी परीक्षाओं का पैटर्न हल्का किया जाए, इस ओर शिक्षा मंत्रालय को ध्यान देने की जरूरत है। आर्मी स्कूलों की परीक्षाओं का सिलेबस बहुत कठिन रखा जाता है। तभी इन परीक्षा को पास करवाने के लिए देशभर में सैकड़ों डिफेंस एकेडमियां संचालित हो रही हैं। वो अभिभावकों से मुंह मांगा पैसा वसूलती हैं। वहां कोई सरकारी सख्ती नहीं है, इसलिए इन पर सबसे पहले नकेल कसने की आवश्यकता है। कोचिंग के चक्रव्यूह में फंसना अब छात्रों-अभिभावकों की मजबूरी भी बन गई है। जिस छात्र को अगर चोटी की प्रतियोगी परीक्षा पास करनी है, तो उसके जेहन में अव्वल ख्याल कोचिंग संस्थाओं की ओर ही दौड़ता है। यूपीएससी के लिए दिल्ली का मुखर्जी नगर हो या जेई-इंजीनियरिंग के लिए राजस्थान का कोटा? कागजों में ये उच्च शिक्षा के लिए 'महाकुंभ' बन गए हैं, पर दुर्भाग्य ये है, दोनों स्थान अब 'आत्महत्या' के लिए भी मशहूर हो गए हैं। दिल्ली में भी ऐसा ही हाल है जहां दस हजार से भी ज्यादा कोचिंग संस्थाएं इस वक्त संचालित हैं जो अपनी कमाई का एक तिहाई हिस्सा सरकार को देती हैं। इसके अलावा दूसरे तरीकों से पुलिस-प्रशासन, नगर निगम व अन्य विभागों को चढ़ावे के रूप में भी ये संस्थाएं धन लुटाती हैं। इसके बाद सहज अनुमान लगा सकते हैं कि आखिर कोचिंग माफिया खुलेआम मनमानी क्यों न करें?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

विचार

गौतम अदाणी



# अदाणी समूह पर हुए हमले को किया विफल

हमें अतीत में जीना नहीं चाहिए लेकिन उससे सीख लेते हुए निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। आज का दिन भी ऐसा ही मौका है। ठीक एक साल पहले न्यूयार्क स्थित शार्ट सेलर फर्म ने तथा कथित शोध रिपोर्ट पेश करते हुए अदाणी समूह के खिलाफ आरोपों का संकलन सार्वजनिक किया था। संकलन इसलिए कहा क्योंकि उसमें उल्लेखित तमाम आरोप, हमारे विरोधी समय-समय पर पहले भी लगाते रहे थे। कुल मिलाकर, यह प्रकट और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी से प्राप्त चुनिंदा अर्धसत्यों का एक चालाकी से तैयार किया गया मसौदा भर ही था। इन आरोपों को सिरे से खारिज कर हमने त्वरित प्रतिक्रिया दी लेकिन हमारी प्रतिक्रिया पर इस बार तथ्यहीन आरोप हावी हो रहे थे। शेयर बाजार और राजनीतिक बयानबाजी ने हमें कुछ ही समय में मामले की गंभीरता का अहसास करा दिया था।

शॉर्ट-सेलिंग हमलों का प्रभाव आम तौर पर वित्तीय बाजारों तक ही सीमित होता है। लेकिन यह एक अनोखा द्वि-आयामी हमला था - एक वित्तीय और दूसरा राजनैतिक। दोनों क्षेत्रों का प्रभाव एक दूसरे पर पड़ा। मीडिया में कुछ लोगों की सहायता और प्रोत्साहन से हमारे खिलाफ झूठ इतना प्रभावी था कि हमारे पोर्टफोलियो की जमीनी वास्तविकतायें धूल धूसरित होती महसूस हो रही थीं। ऐसा इसलिए था क्योंकि आमतौर पर पूंजीबाजार तर्कसंगत से अधिक भावनात्मक होते हैं।

मुझे अधिक चिन्ता इस बात की हो रही थी कि हजारों छोटे निवेशकों अपनी बहुमूल्य बचत खो रहे थे। साथ ही, देश के लिहाज से भी चिंता का विषय यह था कि यदि हमारे विरोधियों की योजना पूरी तरह से सफल हो जाती तो डोमिनो प्रभाव (एक के प्रभाव से दूसरे का गिरना) से बंदरगाहों, हवाई अड्डों से लेकर बिजली उत्पादन-आपूर्ति श्रृंखला तक कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की संपत्तियों को नुकसान पहुंच सकता था। यह किसी भी देश के लिए एक भयावह स्थिति ही होती। लेकिन ईश्वर की कृपा और तमाम साथियों की सामूहिक कोशिशों से हम इस संकट से उभरे और मजबूत स्थिति में पहुंच गए। इस मुश्किल वक्त में वित्तीय निवेशक, ऋणदाता और रेटिंग एजेंसी सहित वित्तीय क्षेत्र के विशेषज्ञ,इस झूठ की सुनामी में भी पूरी ताकत से हमारे सच की पतवार को थामे रहे। इसकी वजह यह थी, उन्हें कंपनी की मजबूत वित्तीय स्थिति एवं गवर्नेंस की गहराई से जानकारी थी।

लिहाजा, हमने दशकों से अपनाई पारदर्शी तथ्य और सत्य पर आधारित कार्यपद्धति को ही रणनीति का आधार बनाया। हमारा पहला निर्णय अपने निवेशकों की सुरक्षा करना था। 20 हजार करोड़ रुपये का एफपीओ पूरा सब्सक्राइब हो जाने के बाद भी हमने वह राशि निवेशकों को वापस लौटाने का फैसला लिया। दुनिया के कॉर्पोरेट इतिहास में अभूतपूर्व इस कदम ने निवेशक कल्याण और नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

इस युद्ध के कुहासे भरे माहौल में हमारा सबसे बड़ा हथियार नकद पूंजी की पर्याप्त उपलब्धता भी थी। हमारे मजबूत नकदी भंडार में 30 हजार करोड़ रुपये थे। इसके अलावा, कंपनियों हमने अपनी हिस्सेदारी को घटाकर अतिरिक्त 40 हजार करोड़ रुपये जुटाए, इससे हमारी वित्तीय स्थिति और मजबूत हुई। यह राशि अगले दो वर्षों के लिए कर्ज चुकाने के बराबर थी। इसके लिए हमारी मदद वित्तीय बाज़ार में विश्वस्तरीय बेदाग़ वित्तीय संस्था जैसे जीक्यूजी पार्टनर्स और क्यूआईए ने की। ऐसी संस्थाओं का साथ मिलने से बाकी वित्तीय संस्थानों का भरोसा हमारे प्रति बढ़ा।

बैंकों को मार्जिन-लिंक्ड फाइनेंसिंग के 17 हजार 500 करोड़ रुपये का प्री-पेमेंट करके कंपनी के शेयरों को बंधन मुक्त कर हमने अपने पोर्टफोलियो को बाजार की अस्थिरता से बचाया और रिंग-फेंस किया। इन विपरीत परिस्थितियों से निपटने की जिम्मेदारी स्वयं पर लेते हुए मैंने अपने साथियों को स्पष्ट तौर से व्यवसायों के संचालन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा। वह किस कदर सफल भी रहे इसका अंदाजा इस बात से लगायें कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 47% की रिकॉर्ड तोड़ मुनाफे में वृद्धि हुई। साथ ही अदाणी पोर्टफोलियो ने वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भी अपना अब तक का सबसे अधिकलाभ दिया। इससे साफ जाहिर हो रहा था कि हम ठीक दिशा में आगे जा रहे हैं।

हमने अपने वित्तीय और गैर-वित्तीय हितधारकों के लिए एक व्यापक जुड़ाव कार्यक्रम भी चलाया। अकेले वित्तीय टीम ने शुरुआती 150 दिनों में दुनिया भर में करीब 300 बैठकें कीं, जिससे नौ रेटिंग एजेंसियों द्वारा 104 संस्थाओं की रेटिंग की पुष्टि सुनिश्चित की गई। बैंक, निश्चित आय निवेशक, वेल्थ फंड, इक्विटी निवेशक, जेवी पार्टनर और रेटिंग एजेंसियां हमेशा से हमारे प्रमुख हितधारक रहे हैं, क्योंकि उनके द्वारा की गई व्यापक जांच और सूक्ष्म समीक्षा ही हमारी पारदर्शी कार्य व्यवस्था को रेखांकित और मजबूत करती है। हमने तथ्यों को पारदर्शी ढंग से रखने और हम पर हमला करने वालों के इरादों को उजागर करने के प्रकरण में अपना पक्ष बताने पर भी पूरा ध्यान केंद्रित किया। इससे हमारे समूह के खिलाफ नकारात्मक अभियानों का प्रभाव कम हो गया। सार्वजनिक धारणा में बदलाव का एक प्रमाण हमारे शेयरधारक आधार में महत्वपूर्ण वृद्धि है, जो फॉलो-ऑन सार्वजनिक पेशकश (**Follow -On Public Offering**) का प्राथमिक लक्ष्य था। इस चुनौतीपूर्ण वर्ष में, हमारे शेयरधारकों में 43% की वृद्धि हुई, जो लगभग 70 लाख तक पहुंच गई है।

हम अभी भी अपनी विकास गति को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। समूह ने अपना निवेश जारी रखा, जिसका प्रमाण हमारी परिसंपत्ति आधार में 4.5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि है।इस अवधि में दुनिया की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन साइट खावड़ा में काम शुरू हुआ और इसके साथ ही एक नया कॉपर स्मेल्टर, ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट सहित बहुप्रतीक्षित मुंबई की धारावी का पुनर्विकास कार्यक्रम पर भी काम शुरू हुआ।

इस संकट ने हमारी एक बुनियादी कमजोरी को उजागर किया था कि हमने अपनी क्षमता और कार्य को आम जन तक नहीं पहुंचाया था। हमें समझ आया कि वित्तीय क्षेत्र से बाहर आम लोगों को यह पता ही नहीं है कि हमारा बुनियादी ढांचा कितना मजबूत है या अदाणी समूह ने अब तक क्या किया है या क्या कर रहा है? इसके आकार, पैमाने और गुणवत्ता के बारे में हम इस भुलावे में थे कि समाज में सभी गैर-वित्तीय हितधारक भी हमें और हमारी सच्चाई को जानते हैं।वह यह जानते ही होंगे कि हमारी वित्तीय स्थिति मजबूत है, हमारी कार्य प्रणाली त्रुटिहीन है, विकास के लिए हमारा रोडमैप स्पष्ट है और भारत के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण में हम महती भूमिका निभा रहे हैं।

खैर! इस अनुभव ने हमारे गैर-वित्तीय हितधारकों के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया। हमारे ऊपर कई तथ्यहीन आरोप थे जैसे, हमारी कंपनियों की क्षमताओं के अनुपात में कर्ज बहुत ज्यादा है। जबकि वास्तविकता ये है कि हमारा कर्ज, हमारी समकक्ष कंपनियों की तुलना में कम है। इसके अलावा यह भी आक्षेप थे कि किसी राजनीतिक दल विशेष का संरक्षण, हमारी सफलता का कारण है। लेकिन सच ये है कि हमारा समूह अलग-अलग राजनीतिक दलों द्वारा शासित 23 राज्यों में बुनियादी ढांचे के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और यह तभी संभव है जब हम राजनीतिक रूप से निरपेक्ष है। बहरहाल, हमने अपने गैर वित्तीय संवाद पर भी ध्यान दिया और उसके बेहतर परिणाम भी दिखने लगे है।

निःसंदेह, पिछले एक वर्ष के घटनाक्रम ने हमें मूल्यवान सबक तो दिये है साथ ही हमें मजबूत भी बनाया। मुझे अपनी सीख आप सभी से साझा करना इसलिये आवश्यक लगा क्योंकि आज मैं निशाने पर हूं कल कोई और भी ऐसे षडयंत्र का शिकार हो सकता है।

लेकिन हम संकल्पबद्ध हैं। राष्ट्र विश्व पटल पर विकास के नए सोपान तय कर रहा है। अपने सभी साथियों की ओर से बड़ी विनम्रता के साथ यह कहना चाहता हूं कि राष्ट्र निर्माण के इस यज्ञ में हम अपने उच्च नैतिक मूल्यों ,पारदर्शी कार्यप्रणाली और विश्वस्तरीय गुणवत्ता के उपक्रमों के माध्यम से आहूति देने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## ट्रेंड

### महिला सशक्तिकरण



भारत की रक्षा शक्ति में नारी शक्ति की भूमिका निरंतर बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जीवन के हर क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण हो रहा है। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान कर्तव्य पथ पर, देश की नारीशक्ति का भव्य स्वरूप, भारत ही नहीं पूरे विश्व को दिखाई देगा।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री


### संभावनाएं सुलभ होती



धान्य पूर्णिमा उस समय का प्रतीक है जब उच्च संभावनाएं उन सभी के लिए सुलभ होती हैं जो ग्रहणशील होते हैं। यह पूर्णिमा आपके जीवन को सर्वोत्तम तरीके से बढ़ाने और आध्यात्मिक प्रयास की अधिकतम फसल प्राप्त करने में सहायता करे।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु


### कोई जवाब देगा



रामलला मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा धार्मिक आयोजन था या राजनीतिक? यह सनातन धर्म शास्त्र के अनुसार था या नहीं था? मैं हिन्दू धर्म प्रेमियों से पूछना चाहता हूं क्या निर्माणाधीन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होते देखी है? यजमान बिना पत्नी के बैठता है क्या?

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### जीत सकते हैं पांच लाख



मैं मुंबई उत्सव के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में हूं। स्टार्टअप मुंबई चैलेंज जहां प्रसिद्ध उद्यमियों का एक टर्बोचार्ज्ड पैनल स्थिरता के क्षेत्र में स्टार्टअप्स की पिचें सुन रहा है। विजेता पांच लाख तक जीत सकते हैं। पिचें शुरू होने से पहले, पैनल उद्यमिता पर एक संवाद में लगा हुआ था।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, शुक्रवार 26 जनवरी 2024

# वैंकेया समेत 5 को पद्म विभूषण, छग के जागेश्वर-हेमचंद और रामलाल के साथ 110 को पद्मश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर/बिलासपुर

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को पद्म पुरस्कारों का ऐलान कर दिया गया है। इसके तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री से सम्मानित किए जाने वाली हस्तियों के नामों का ऐलान किया गया। राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने दो युगल समेत 132 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी है। 5 पद्म विभूषण, 17 पद्म भूषण 110 पद्म श्री पुरस्कारों का ऐलान किया गया है। छत्तीसगढ़ से तीन हस्तियों का पद्मश्री के लिए चयन हुआ है। कला के क्षेत्र में रामलाल बरेठ, पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में नारायणपुर के हेमचंद मांझी और समाज सेवा के क्षेत्र में जशपुर के जागेश्वर यादव को पद्मश्री अवार्ड दिया जाएगा।

खास खबर

मिथुन, राम नाइक समेत 17 को पद्म भूषण





**पद्म विभूषण**

- वैजयंती माला
- वेंकैया नायडू
- बिंदेश्वर पाठक
- के चिरंजीवी
- पद्मा सुब्रमण्यम

### नक्सल अभियान में पैर गंवाने वाले विभोर सिंह को शौर्य चक्र

बिहार के जंगलों में 2022 में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान अपने पैर गंवाने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी विभोर कुमार सिंह को 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। दिल्ली पुलिस के 29 कर्मियों को भी विभिन्न श्रेणी में वीरता एवं सेवा पदक दिए जाएंगे।

### वनवासी बिरहोरों के 'भाई' जागेश्वर ने उनके लिए समर्पित किया जीवन



रायगढ़। बिरहोर आदिवासियों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले जशपुर के जागेश्वर यादव को पद्मश्री सम्मान मिलेगा। गुरुवार को पद्मश्री सम्मान की सूची जारी होने के बाद जशपुर के रहने वाले बिरहोर के भाई के ▶▶| शेष पेज 4 पर

### पारंपरिक औषधीय चिकित्सक हेमचंद मांझी



नारायणपुर के पारंपरिक औषधीय चिकित्सक हेमचंद मांझी को चिकित्सा (आयुष पारंपरिक चिकित्सा) के क्षेत्र में पद्मश्री दिया जाएगा। उन्होंने पांच दशकों से अधिक समय से ग्रामीणों को सस्ती स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने 15 साल की उम्र से जरूरतमंदों की सेवा शुरू कर दी थी।

### गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

### अवकाश

इस अवसर पर 26 जनवरी शुक्रवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 28 जनवरी रविवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।

**प्रधान संपादक**




गृहमंत्री अमित शाह की बैठक के बाद नक्सलियों से निपटने बड़ी रणनीति

# बस्तर में ऑपरेशन 'हंटर', तैनात होंगी 40 नई कंपनियां, नए पुलिस कैंप भी खुलेंगे

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि सरोकार

नक्सलियों पर पुलिस अब हंटर चलाएगी। ऑपरेशन तेज होगा और अंदरुनी इलाकों में शांति बहाल की जाएगी। प्रदेश में नक्सलियों के खिलाफ डबल इंजन की सरकार एक्शन मोड पर दिख रही है, नये साल से ही नक्सलियों के खिलाफ बस्तर संभाग के अंदरूनी क्षेत्रों में ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। इस ऑपरेशन के दौरान जवानों को सफलता भी हाथ लग रही है। एक माह के अंतराल में हुए मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने आठ नक्सलियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि आने वाले कुछ समय में सीआरपीएफ की 40 कंपनी बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में तैनात कर नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन तेज ▶▶| शेष पेज 4 पर

### गृहमंत्री अमित शाह के आदेश के बाद तेज हुआ नक्सल ऑपरेशन

गौरलबल है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विधानसभा चुनाव से पूर्व सुकमा जिले में बस्तर संभाग में तैनात सभी सीआरपीएफ के आला अधिकारियों के साथ एक बैठक कर नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन तेज करने के आदेश देते हुए अधिक से अधिक पुलिस ▶▶| शेष पेज 4 पर



### जवानों की तैनाती से नक्सल प्रभावित इलाकों का होगा विकासः आईजी



बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार ऑपरेशन जारी है। इस बार राज्य सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार का भी पूरा फोकस छग में नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने पर है। यही वजह है कि 40 नई कंपनियों को बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात किया जा रहा है। इन कंपनियों के जवान पूरी तरह से नक्सल ऑपरेशन के लिए प्रशिक्षित है। हालांकि इन जवानों की तैनाती कब तक होगी, इसके ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 45 नये सिक्योरिटी कैंप में होगी जवानों की तैनाती

सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित इलाके जिसे नक्सलियों के बटालियन मुख्यालय के तौर पर जाना जाता है, वहां पर भी सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने लगातार नया कैंप स्थापित कर रही है। हाल ही में सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस की टीम ने सुकमा व बीजापुर जिले की सरहद स्थित ढुलेड़ व मेटागुड़ा के बीच में भी नया कैंप स्थापित किया है। इस वर्ष नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 45 नए सिक्योरिटी कैंप खोलने का भी लक्ष्य रखा है और इसके लिए प्रयास भी शुरू कर दिया गया है।

# अमित, कन्हैया को राष्ट्रपति पदक, 11 शहीदों समेत 26 को पुलिस वीरता पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के 39 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए पदक से विभूषित किया जाएगा। अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर एवं कन्हैया लाल ध्रुव, पुलिस उप महानिरीक्षक, नक्सल अभियान नवा रायपुर को राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किया जाएगा। इनके अलावा 26 को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस वीरता पदक दिया ▶▶| शेष पेज 4 पर

**सराहनीय सेवा के लिए 11 को पदक**





### इन्हें मिला पुलिस वीरता पदक, शहीद भी शामिल

राज्य पुलिस के 26 अधिकारियों-कर्मचारियों को पुलिस वीरता पदक से नवाजा गया है। इनमें 11 शहीद भी शामिल हैं। वीरता पदक पाने वालों में हेमन्त कुमार पटेल, उप निरीक्षक, बलौदाबाजार, मालिक राम, निरीक्षक, कांकेर, सुक्कू राम ▶▶| शेष पेज 4 पर

### '12वीं फेल' से चर्चा में आए आईपीएस मनोज सम्मानित

नई दिल्ली। फिल्म 'ट्वेल्थ फेल' से चर्चा में आए आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा को सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया गया। फिल्म 'ट्वेल्थ फेल' शर्मा के जीवन से प्रेरित है। आईपीएस अधिकारी मनोज शर्मा, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के उन 37 कर्मियों में शामिल हैं, जिन्हें 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्वसंध्या पर विभिन्न पुलिस और ▶▶| शेष पेज 4 पर



# आस्ट्रेलियन ओपन : बोपन्ना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब से एक जीत दूर, फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

रोहन बोपन्ना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम करने से अब बस एक जीत दूर है जिन्होंने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ यहां आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने थॉमस माचाक और झांग झिंझेन की जोड़ी को गुरुवार को तनावपूर्ण सेमीफाइनल में 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया।

करीब दो घंटे तक चले मैच में सुपर टाइ ब्रेकर्स में उनका अनुभव काम आया। झांग विश्व रैंकिंग में 54वें और माचाक 75वें स्थान पर हैं। दोनों एकल रैंकिंग में शीर्ष 100 में होने के साथ बेहद शानदार खिलाड़ी हैं और उन्होंने बोपन्ना तथा एबडेन को कड़ी चुनौती दी। एक दिन पहले ही बोपन्ना ने विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया था।

### सिमोन-आंद्रिया से होगा सामना

बोपन्ना ने मैच में दमदार सर्विस और स्ट्रोक्स का प्रदर्शन किया। वह 2013 और 2023 में अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे हैं लेकिन ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीत सके। अब 43 वर्ष की उम्र में वह अपना यह सपना पूरा करने से एक जीत दूर हैं। बोपन्ना और एबडेन का सामना अब इटली के सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावास्सोरी से होगा जिन्होंने जर्मनी के यानिक हांफमैन और डोमिनिक कोफर को 6-3, 3-6, 7-6 से हराया।

### युगल सेमीफाइनल में माचाक-झिंझेन को 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया




> ‘सर्किट पर हमने कई सुपर टाइब्रेकर खेले हैं। हमारे प्रतिद्वंद्वियों का रिटर्न बेहतरीन था जिससे हमें सर्विस मजबूत रखनी थी। एबडेन के साथ मेरा तालमेल अच्छा रहा है।’
>
> –रोहन बोपन्ना

> ‘मैं बहुत खुश हूं। घरेलू दर्शकों के सामने जीतना खास रहा। प्रतिद्वंद्वी काफी खतरनाक थे। युगल विशेषज्ञों का सामना एकल विशेषज्ञों से था और दर्शकों को मजा आया होगा। हम काफी मेहनत कर रहे हैं और अब एक मैच बाकी है।’
>
> – मैथ्यू एबडेन



### सबालेंका ने गॉफ को हराया

गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने गुरुवार को यहां कोको गॉफ को हराकर अमेरिकी ओपन फाइनल में हार का बदला चुकता किया और सेरेना विलियम्स के बाद लगातार दो बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं। सबालेंका ने सेमीफाइनल में गॉफ को 7-6, 6-4 से हराया। शनिवार को होने वाले फाइनल में सबालेंका की भिड़ंत झेंग किनवेन से होगी। झेंग पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के फाइनल में खेल रही हैं। पिछले साल यहां खिताब जीतने वाली सबालेंका मेलबर्न पार्क पर लगातार 13 मैच जीत चुकी हैं। सेरेना ने 2015, 2016 और 2017 में लगातार तीन साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी।

## खबर संक्षेप



### देवी को मुख्य कोच बनाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की तकनीकी समिति ने गुरुवार को सीनियर राष्ट्रीय महिला टीम के मुख्य कोच पद के लिए पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लैंग्म चाओबा देवी के नाम की सिफारिश की। चाओबा दो एएफसी महिला चैंपियनशिप और 1998 एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वह पहले सीनियर महिला टीम की सहायक कोच भी थीं। अभी वह किकस्टार्ट एफसी की मुख्य कोच हैं।

### स्टार्क ने चटकाए 350वां टेस्ट विकेट

**ब्रिसबेन।** मिचेल स्टार्क ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन तीन विकेट लिए और वह टेस्ट क्रिकेट में 350 विकेट लेने वाले आस्ट्रेलिया के पांचवें गेंदबाज बन गए। 33 वर्ष के स्टार्क ने



एलिक अथानाजे (आठ) को विकेट के पीछे एलेक्स कारे के हाथों लपकवाकर यह आंकड़ा छुआ। उन्होंने टी चंद्रपॉल (21) को भी स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों लपकवाया था। स्टार्क ने जस्टिन ग्रीव्स (छह) के रूप में 351वां विकेट लिया।

### टेस्ट : टीम इंडिया ने एक विकेट पर बनाए 119 रन

# अश्विन और जडेजा भारत की सबसे सफल जोड़ी, इंग्लैंड 246 रन पर ढेर

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

भारतीय स्पिन तिकड़ी ने इंग्लैंड की ‘बैजबॉल’ रणनीति को बेअसर साबित करते हुए पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को उसे पहली पारी में 246 रन पर समेट दिया। मैच के दौरान रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की जोड़ी ने इतिहास रच दिया है। यह स्पिन जोड़ी अब टेस्ट क्रिकेट में भारत की सबसे सफल जोड़ी बन गई है। उन्होंने एक जोड़ी के रूप में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट चटकाने के मामले में अनिल कुंबले और हरभजन सिंह की जोड़ी को पछाड़ दिया है। कुंबले-भज्जी की जोड़ी ने एक साथ मिलकर भारत के लिए 501 विकेट चटकाए थे, मगर अब अश्विन और जडेजा ने 502 विकेट अपने नाम कर भारत की सबसे सफल जोड़ी का टैग अपने नाम कर लिया है। जवाब में यशस्वी जायसवाल के शानदार अर्धशतक से मेजबान ने अच्छी शुरुआत की। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ने 23 ओवर में एक विकेट पर 119 रन बना लिए थे। शानदार फॉर्म में दिख रहे युवा तुर्क जायसवाल 70 गेंद में 76 रन बनाकर खेल रहे हैं। वहीं शुभमन गिल ने 14 रन बना लिए हैं।




### आठ विकेट स्पिनर के नाम

*सुबह स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज भारतीय स्पिन तिकड़ी का सामना नहीं कर सके। मददगार पिच पर रविचंद्रन अश्विन ने 68 और रविंद्र जडेजा ने 88 रन देकर तीन तीन विकेट चटकाए जबकि अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह को दो दो विकेट मिले।*




### भारतीय विकेटटेकर जोड़ी

| विकेट | खिलाड़ी |
|---|---|
| 502 | रविचंद्रन अश्विन/रविंद्र जडेजा |
| 501 | अनिल कुंबले/हरभजन सिंह |
| 474 | जहीर खान/हरभजन सिंह |
| 431 | रवि अश्विन/उमेश यादव |
| 412 | अनिल कुंबले/जवागल श्रीनाथ |

### वर्ल्ड रिकॉर्ड एंडरसन और ब्रॉड के नाम

*इंटरनेशनल क्रिकेट में एक जोड़ी के रूप में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के नाम है, जिन्होंने एक साथ मिलकर 1039 विकेट चटकाए हैं। एंडरसन और ब्रॉड के अलावा शेन वॉर्न और ग्लेन मैक्ग्रा की जोड़ी दूसरी ऐसी जोड़ी है जिसने 1000 से अधिक विकेट चटकाए है। मैक्ग्रा और वॉर्न ने मिलकर अपने करियर में 1001 विकेट चटकाए थे।*



### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्राउले का सिराज बो अश्विन | 20 | 40 | 3 | 0 |
| बेन डकेट पगबाधा बो अश्विन | 35 | 39 | 7 | 0 |
| पोप का शर्मा बो जडेजा | 01 | 11 | 0 | 0 |
| रूट का बुमराह बो जडेजा | 29 | 60 | 1 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो पटेल | 37 | 58 | 5 | 0 |
| बेन स्टोक्स बो बुमराह | 70 | 88 | 6 | 3 |
| फोक्स का भरत बो पटेल | 04 | 24 | 0 | 0 |
| अहमद का भरत बो बुमराह | 13 | 18 | 1 | 0 |
| टॉम हार्टले बो जडेजा | 23 | 24 | 2 | 1 |
| मार्क वुड बो अश्विन | 11 | 24 | 2 | 0 |
| जैक लीच नाबाद | 00 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 64.3 ओवर में 246/10

गेंदबाजी : बुमराह 8.3-1-28-2, सिराज 4-0-28-0, जडेजा 18-4-88-3, अश्विन 21-1-68-3 , अक्षर 13-1-33-2.

# नीरज की उपलब्धियों से हैरान हुए फेडरर




एजेंसी ▶▶ ज्यूरिख

स्विस टेनिस स्टार रोजर फेडरर और भारतीय ओलंपिक चैंपियन एथलीट नीरज चोपड़ा हाल में एक मुलाकात के दौरान एक दूसरे की उपलब्धियों की प्रशंसा करते दिखे। दोनों को अपनी सफलता, ख्याति और विरासत का कोई गुमान नहीं। बस एक दूसरे की प्रशंसा किए जा रहे। इस बातचीत में एक दूसरे की सफलता और समर्पण के प्रति आपसी सम्मान साफ दिखा।

‘स्विट्जरलैंड टूरिज्म’ द्वारा आयोजित इस मुलाकात में 20 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता फेडरर और भारत के विश्व चैंपियन चोपड़ा ज्यूरिख में मौजूद थे। ऐसा हालांकि रोज रोज नहीं होता कि खेल के प्रति ऐसे दो जुनूनी खिलाड़ी एक साथ बातचीत के मौजूद हों जिन्होंने अपनी उपलब्धियों से अपने देशों को गौरवान्वित किया हो। फेडरर ‘स्विट्जरलैंड टूरिज्म’ के वैश्विक दूत हैं, उन्होंने कहा, ‘मैं इस बात से हैरान हूं कि नीरज ने अपने दृढ़ संकल्प और जज्बे से व्यक्तिगत तौर पर और अपने देश के लिए कितना कुछ हासिल किया है। ज्यूरिख में यहां उनसे मिलना शानदार है।’

### फेडरर से मिलना सपना सच होने वाला पल

चोपड़ा भी ‘स्विट्जरलैंड टूरिज्म’ के मैत्री दूत हैं। वहीं भारत के इस 26 साल के स्टार एथलीट के लिए यह ‘सपना सच होने वाला’ पल था। चोपड़ा ने कहा, ‘ज्यूरिख में रोजर फेडरर से मिलना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मैंने हमेशा उनके कौशल, खेल भावना और दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रेरित करने की काबिलियत को सराहा है। पर आज उनकी विनम्रता ने मुझे प्रेरित किया जिससे मैं उनके जैसी शख्सियत की उपस्थिति में बहुत ही सहज महसूस कर रहा हूं। हमने मैदान के अंदर और बाहर अपने जुनून और अनुभवों को साझा करते हुए शानदार समय बिताया।’

### ओलंपिक को लेकर दिया था 40 साल की उम्र का हवाला

# मैरी कॉम बोलीं- नहीं लूंगी संन्यास, दिखाऊंगी दम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टोक्यो ओलंपिक के बाद से रिंग पर नहीं उतरी एमसी मैरी कॉम के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन छह बार की विश्व चैंपियन इस मुक्केबाज ने गुरुवार को खेल से संन्यास की अटकलों को खारिज किया।

लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता 41 वर्ष की मैरी कॉम अमैच्योर सर्किट पर खेलने के लिए उम्र के मानदंडों पर वैसे भी खरी नहीं उतरती हैं। उन्होंने हालांकि कहा कि अभी तक उन्होंने खेल को अलविदा कहने की औपचारिक घोषणा नहीं की है।

दरअसल डिब्रूगढ़ में बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान मणिपुर की फ्लायवेट (51 किलो) वर्ग की मुक्केबाज मैरी कॉम के हवाले




से कहा गया था कि अमैच्योर मुक्केबाजों के लिए 40 वर्ष की सीमा के कारण उन्हें मजबूरन रिटायर होना पड़ रहा है। पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा, ‘मैने कुछ मीडिया रिपोर्ट देखी हैं जिनमें कहा गया कि मैने खेल को अलविदा कह दिया जो सही नहीं है। मैं 24 जनवरी को डिब्रूगढ़ में एक स्कूल के कार्यक्रम में भाग ले रही थी जहां मैं बच्चों की हौसलाअफजाई कर रही थी।

मैने कहा था कि मेरे भीतर अभी भी खेलों में नई ऊंचाइयां छूने की भूख है लेकिन ओलंपिक में उम्र की सीमा होने से मैं भाग नहीं ले सकती। मैं हालांकि अपना खेल जारी रख सकती हूं और मेरा फोकस फिटनेस पर है। मैं जब भी संन्यास का फैसला लूंगी, सभी को बताऊंगी। कृपया अपनी खबर दुरूस्त कर लें।’

# रंधावा सीनियर यूरो क्यू-स्कूल जीतने वाले पहले भारतीय

एजेंसी ▶▶ अंताल्या

अनुभवी गोल्फर ज्योति रंधावा सीनियर यूरोपीय टूर क्वालीफाइंग स्कूल के शीर्ष पर रहने वाले पहले भारतीय बने और इस सत्र में लीजेंड्स टूर में खेलने का पूर्ण अधिकार हासिल किया। रंधावा ने कुल 12 अंडर 276 का स्कोर बनाया। वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से चार शॉट आगे रहे।

वर्ष 2022 में 50 बरस के हुए रंधावा 2023 में यूरोप में सीनियर टूर पर अपनी कुछ शुरुआती प्रतियोगिताएं खेली थी। उन्होंने अंताल्या के ग्लोरिया गोल्फ क्लब में 71, 67, 68 और 70 के स्कोर से कुल 276 का स्कोर बनाया। फ्रांस के लियोनल एलेक्जेंडर (72), इंग्लैंड के साइमन ग्रिफिथ्स (72) और स्पेन के कार्लोस बालमासेदा (72) 280 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।



## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** – आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** – आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5406



**बाएँ से दाएँ**

1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3


**ऊपर से नीचे**

1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली- 5405 का हल



## सूडोकु नवताल 5416




- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5415 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

बिलासपुर
शुक्रवार 26 जनवरी 2024
माघ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 23, अंक : 336
पृष्ठ : 12+20 = 32, मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 25.4
न्यून. 10.2

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## कोहली बने आईसीसी 'वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर'



**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को पिछले साल घरेलू सरजमीं पर विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए गुरुवार को आईसीसी का साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष वनडे क्रिकेटर 2023 चुना गया। कोहली का यह चौथा पुरस्कार है। वह पिछले साल वनडे में हमवतन शुभमन गिल के बाद सबसे अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी रहे।






# पीएम मोदी ने बताई वोट की ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमो नवमतदाता सम्मेलन में गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से युवाओं से रू-ब-रू हुए। प्रधानमंत्री ने फर्स्ट टाइम युवा वोटरों से कहा कि भारत को विकसित बनाने में योगदान दें। प्रधानमंत्री ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा घोषणापत्र के लिए देश के युवाओं से सुझाव देने का आग्रह किया। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ समेत देशभर के भाजयुमो के कार्यकर्ता शामिल हुए।

- 5800 स्थानों के युवाओं से एक साथ जुड़े प्रधानमंत्री

भाजपा की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से राष्ट्रीय मतदाता ⏭ शेष पेज 4 पर



### एक वोट का ऐसा दम

- एक वोट और देश की विकास की दिशा दोनों आपस में जुड़े हुए हैं
- एक वोट, भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएगा
- एक वोट, भारत में एक स्थिर और बड़े बहुमत वाली सरकार लाएगा
- एक वोट, भारत में तेज रिफॉर्म की गति को और तेजी देगा
- एक वोट, डिजिटल क्रांति को और ऊर्जा देगा
- एक वोट, भारत को अपने दम पर अंतरिक्ष में पहुंचाएगा
- एक वोट, भारत में पहला पैसेंजर एयरक्रॉफ्ट बनाएगा
- आपका एक वोट, दुनिया में भारत की साख और बढ़ाएगा


### भाजपा का थीम सॉन्ग भी हुआ लॉन्च

इस खास मौके पर भाजपा ने चुनाव से पहले अपना थीम सॉन्ग भी लॉन्च कर दिया। थीम सॉन्ग में कहा गया है कि, सपने नहीं हकीकत बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं। दूसरी ओर कार्यक्रम से पहले भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा, युवा मतदाताओं ने पीएम मोदी की जीत में प्रमुख भूमिका निभाई है। केंद्र सरकार ने भी युवाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। नई शिक्षा नीति 36 साल बाद आई है। नए आईआईएम और आईआईटी बने हैं।











## नगरनार और किलेपाल में खुलेगा कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले बस्तर को करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी है। उन्होंने नगरनार और किलेपाल में कॉलेज खोलने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री साय 26 जनवरी की सुबह 9 बजे शहर के लालबाग मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह में झंडा फहराएंगे। ध्वजारोहण के बाद पुलिस और सैनिक टुकड़ियों के परेड का निरीक्षण करेंगे। उसके बाद जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। गुब्बारे छोड़ने के बाद मुख्यमंत्री शहीद जवानों के परिवार और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार का सम्मान ⏭ शेष पेज 4 पर


## छत्तीसगढ़ में भी बुलडोजर आरोपी की तोड़ी दुकान



**कवर्धा।** भाजपा शासन में अपराधियों के खिलाफ अब कवर्धा में भी उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की तर्ज पर बुलडोजर की कार्रवाई देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में प्रशासन ने गुरुवार को लालपुर कला के साधराम हत्याकांड के मुख्य आरोपी अयास खान की अवैध दुकान पर बुलडोजर चलाया और उसकी दुकान को ढहा दिया है। दुकान तोड़ने के लिए नगर पालिका प्रशासन की टीम बुलडोजर लेकर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थी। इस दौरान एसएसपी अभिषेक पल्लव भी मौके पर मौजूद थे।

### अपराध पर सीएम साय का कड़ा संदेश

*विष्णुदेव साय सरकार ने अपराधों को लेकर जीरो टारलेंस पर जोर दिया है। कवर्धा में हुई कार्रवाई को लेकर माना जा रहा है कि इसी नीति के तहत श्री साय ने अपराधों को लेकर कड़ा संदेश दिया है।*







रोज़ाना प्रेशर कुकर का इस्तेमाल करने से
52% ईंधन की बचत होती है

इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेन्ट, मुंबई द्वारा सत्यापित वैज्ञानिक परीक्षणों में पाया गया है कि एलपीजी गैस स्टोव पर प्रेशर कुकर में पकाए गए खाने में, खुले बर्तन की तुलना में औसतन 52% ईंधन की बचत होती है.

**विकासशील अर्थव्यवस्था में घरेलू उर्जा का 90% उपयोग खाना पकाने में किया जाता है।**

जो परिवार हर महीने एक एलपीजी सिलिंडर का इस्तेमाल करते हैं, यदि वो खुले बर्तन की जगह प्रेशर कुकर में खाना बनाना अपनाते हैं, तो वो इससे हर साल लगभग ₹6000 बचा सकते हैं.

| पकाया गया खाना | ईंधन की बचत |
|---|---|
| आलू | 34% |
| चना | 44% |
| तुवर दाल | 60% |
| मटन | 65% |
| **औसतन बचत** | **52%** |

हॉकिन्स टेस्ट किचन द्वारा
ईंधन बचाने के लिए प्रेशर कुकिंग पर अधिक सुझाव www.savewithpressurecookers.com पर देखें।

जनहित में जारी

## राज्यस्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 28 को

रायपुर। 22वीं राज्यस्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 28 जनवरी को दल्ली राजहरा में आयोजित है। रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता केवल सीनियर पुरुष वर्ग की होगी, जिसमें मिस्टर छग और मि. मेंस छग प्रतियोगिता होगी। मि. रायपुर प्रतियोगिता में विजयी हुए चयनित बॉडी बिल्डर इस प्रकार हैं, जिसमें 50 किलो में मिथिलेश कुमार, वेदराम साहू, शशि बाघ, 55 किलो में ललित तांडी, सुमित कुमार, वाशु निषाद, 60 किलो में रवि नायक, अजय यादव, विद्या तांडी, 65 किलो में सुधीर देवांगन, मुर्तबा साबरी, लक्की नेताम, 70 किलो में वीर सिंह, मोहसीन खान, नितिन साहू, 75 किलो में राबिन सिंह, अमित यादव, सिद्धांत दुबे शामिल हैं।


## छ.ग.पर्यावरण संरक्षण मंडल

पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19
नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.) 492002

### // सर्व संबंधितों को सूचना //

भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 (यथा संशोधित) के तहत सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि Proposed project for a DRI Based Steel Plant to produce Sponge Iron-1,32,000 TPA, Ferro Alloys (SiMn-35,000 TPA and/or, FeMn-44,000 TPA and/or FeSi-19,000 TPA) and/or Pig Iron-70,000 TPA from 9MVA x 2 Nos SAF, Captive Power of 30 MW (10 MW through WHRB and 20 MW through AFBC) and Fly Ash Bricks-34,600 TPA at Village-Pali, Tehsil & District-Raigarh (C.G.) by M/s Man Mansa Iron And Power Private Limited की स्थापना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई बाबत छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल में आवेदन किया गया है। उक्त क्षमता विस्तार परियोजना के संबंध में आपत्ति,/ सुझाव / विचार / टीका-टिप्पणी, इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रुप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 28.02.2024, दिन-बुधवार को प्रातः 11.00 बजे से स्थल-मेसर्स माँ मनसा ऑयरन एण्ड पॉवर प्राइवेट लिमिटेड, ग्राम-पाली, (परियोजना स्थल) के समीप का मैदान, तहसील व जिला-रायगढ़ (छ,ग.) में नियत की गई है। यह भी सूचित हो कि लोक सुनवाई के दौरान भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ऑफिस मेमोरेण्डम दिनांक 14.09.2020 तथा कोरोना वाईरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाना अनिवार्य होगा।

ईआई.ए. अधिसूचना दिनांक 14 सितंबर 2006 (यथा संशोधित) के अनुसार, संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन, पठन हेतु ड्राफ्ट ईआई.ए. रिपोर्ट अंग्रेजी भाषा में एवं इसकी संक्षिप्त सार रिपोर्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी तथा सीडी. (सॉफ्ट कॉपी) कार्यालय कलेक्टर रायगढ़, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़, कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रायगढ़ / घरघोड़ा, जिला-रायगढ़, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल टी.व्ही. टॉवर रोड रायगढ़, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत-रायगढ़ /घरघोड़ा/तमनार, जिला-रायगढ़,सरपंच / सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत-देलारी, गेरवानी, लाखा, सराईपाली, बरलिया, मेलवाटीकरा, तराईमाल, मुईकुररी, पतरापाली, खैरपुर, तहसील-रायगढ़/ घरघोड़ा/तमनार, जिला-रायगढ़, डायरेक्टर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-49, नवा रायपुर एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर (छ.ग) में रखी हुई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर


# नया गणतंत्र बनने के बाद भी अंग्रेजों के समय बने कई गैर जरूरी वन कानून जिसे आज भी ढो रहे

हरिभूमि न्यूज:रायपुर



■ आईपीसी की तरह वन कानून में बदलाव की जरूरत, पशु चराई अनुमति अधिनियम

अंग्रेजों द्वारा अपराध रोकने बनाए गए कानून को 77 साल बाद बदला जा सका है। आईपीसी की जगह अब भारतीय न्याय संहिता लागू होने जा रही है। अंग्रेजों के समय वन अपराध रोकने बनाए गए भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्रावधानों के तहत 70 के करीब कानून में से आधे में बदलाव किया जा सका है, जबकि आधे गैर जरूरी कानून ऐसे हैं, जिसे वन विभाग आज भी ढोने को मजबूर है, इस पर अब बदलाव की जरूरत है। गौरतलब है कि भारतीय वन अधिनियम 1927 की संरचना तब की गई, जब देश में वन तथा वन्यजीवों का स्टेटस अलग था, तब देश में वनों का क्षेत्रफल तथा वन्यजीव बहुतायत में थी। वर्तमान में वनक्षेत्र सिमट गए हैं। साथ ही तब की तुलना में जनसंख्या बढ़ गई है। परिस्थिति को देखते हुए अधिनियम में बहुत सारी धाराओं का समावेश किया गया, जो वर्तमान में वनों के घटते क्षेत्रफल वन्य प्राणियों की घटती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए औचित्यहीन है। भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 131 के तहत वनों में पालतू पशुओं को चराने के लिए चराई पास लेना पड़ता था। वर्तमान में यह धारा औचित्यहीन हो गई है, क्योंकि कोई भी पालतू मवेशी किसी भी वन क्षेत्र में वनों में स्वतंत्र रूप से भ्रमण कर रहे हैं, यहां तक कि पालतू पशु संरक्षित वनक्षेत्र में स्वतंत्र रूप से चराई कर रहे हैं। पालतू मवेशियों को वन्यजीवों द्वारा मारने पर मुआवजा का प्रावधान है। ऐसे में धारा 131 औचित्यहीन है। भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्रावधानों के तहत खंडीय वन अधिकारी द्वारा संरक्षित तथा आरक्षित वनक्षेत्र को खोलने तथा बंद करने अनुज्ञा जारी करने का प्रावधान अब तक जारी है। अलग राज्य बनने के बाद से अनुज्ञा जारी करने का कोई प्रावधान ही नहीं है। बावजूद इसके तब के कानून अब तक कागजों में जीवित हैं। अंग्रेजों के शासन काल में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 में दिए गए प्रावधान के अनुसार वनों में (ट्रेस पास) अनाधिकृत प्रवेश पर तीन वर्ष कैद तथा तीन हजार रुपए अर्थदंड का प्रावधान है। लेकिन यह विचारणीय है कि मानव अपने स्वार्थ तथा स्वयं की इच्छा पूर्ति के लिए अधिनियम की उक्त धारा का उल्लंघन करते हैं।


## आधिपत्य सूचना

HDFC BANK
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर
Tel: 0771-4243149/240 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

जबकि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी), प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('उक्त अधिनियम') और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किए गए। उक्त अधिनियम के तहत, निम्नलिखित उधारकर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों से आव्हान किया गया है कि वे अपने संबंधित नामों के सामने उल्लेखित राशि का भुगतान उक्त नोटिस में उल्लेखित लागू दरों पर ब्याज सहित करें। उक्त नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिन, आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान और/या वसूली की तारीख तक।

| क्रं. | ऋणी (ओं) के नाम/ कानूनी वारिस (ओं) एवं कानूनी प्रतिनिधि (यों) | बकाया राशि* | मांग सूचना की दिनांक | आधिपत्य दिनांक | अचल संपत्ति (यों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | **श्री जांगिड गोपाल,** फ्लैट-305, तृतीय तल, पार्क सिटी टावर-2, बी.एच.के. ब्लॉक बी, ग्राम-छतमुरा, रायगढ़, छ.ग.-496001. **श्री विनोद,** फ्लैट-305, तृतीय तल, पार्क सिटी टावर-2, बी.एच.के. ब्लॉक बी, ग्राम-छतमुरा, रायगढ़, छ.ग.-496001. | ₹19,06,134/- दिनांक 30 सितंबर 2022* तक | 01-NOV-22 | 22 JAN-24 (सांकेतिक कब्जा) | फ्लैट-305, तृतीय तल, पार्क सिटी टावर-2, बी.एच.के. ब्लॉक बी, स.क्रमांक, खसरा नं. 109/1(Kh.)109/4(K), ग्राम-छतमुरा, रायगढ़, छ.ग. |
| 02. | **श्री भट्ट गोपाल, श्रीमती भट्ट रितु,** फ्लैट-10, तृतीय तल, सरला विला प्लॉट, प्लॉट नं. 70, 78, स.क्रं., खसरा नं. 251/6, प.ह.नं. 19, नार्थ, चक्रधर नगर, कसेरपारा, वार्ड नं. 23, रायगढ़-छ.ग. 496001. **अन्य पता**-वार्ड नं. 28, मिनी स्टेडियम के बाजी, पंजरी प्लांट, रायगढ़-छ.ग.-496001. | ₹24,85,058/- दिनांक 31 अगस्त 2023* तक | 11-OCT-23 | 22 JAN-24 (भौतिक कब्जा) | फ्लैट-10, तृतीय तल, सरला विला प्लॉट, प्लॉट नं. 70, 78, स.क्रं., खसरा नं. 251/6, प.ह.नं. 19, नार्थ, चक्रधर नगर, कसेरपारा, वार्ड नं. 23, रायगढ़-छ.ग. |

*भुगतान और/या वसूली की तारीख तक लागू अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के साथ।
हालाँकि, चूँकि ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि देय राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारियों ने धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊपर वर्णित अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति(यों) पर कब्ज़ा कर लिया है। उक्त अधिनियम ऊपर उल्लेखित तिथियों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा जाता है।
विशेष रूप से ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उपरोक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ लेनदेन न करें और उक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ कोई भी लेनदेन एचडीएफसी के बंधक के अधीन होगा।
उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।
निकाले गए पंचनामा और बनाई गई सूची की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त करें।

स्थान-रायगढ़ (छ.ग.), दिनांक : 26.01.2024

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड के लिए
वास्ते
प्राधिकृत अधिकारी

रजिस्टर्ड ऑफिस : एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापती बापत मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013


# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा राजनांदगांव में 28 को आमसभा

■ पहले बस्तर कलस्टर की जगदलपुर में होगी बैठक, सुकमा भी जाएंगे नड्डा

रायपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अभी से कमर कस ली है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 28 जनवरी को राजनांदगांव में आमसभा लेकर चुनावी बिगुल फूंकने का काम करेंगे। इस सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, अरुण साव के साथ कई मंत्री भी शामिल होंगे। इस सभा से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदलपुर में बस्तर कलस्टर की बैठक लेकर चुनावी रणनीति पर मंथन करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर की लोकसभाओं को 146 कलस्टरों में बांटा है। छत्तीसगढ़ को तीन कलस्टरों में बांटा गया है। इसके प्रभारी भी तय हो गए हैं। इसी के साथ सभी 11 लोकसभाओं के लिए प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक और सह संयोजक भी बनाए गए हैं।

### नड्डा पहले बस्तर में लेंगे बैठक

एक दिन पहले रायपुर में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कलस्टर के प्रभारियों के साथ लोकसभा के प्रभारियों, सह प्रभारियों, संयोजकों और सह संयोजकों की बैठक लेकर लोकसभा की चुनावी रणनीति पर मंथन किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यक्रम तय हुआ है। श्री नड्डा 28 जनवरी को दिल्ली से विशेष विमान से जगदलपुर पहुंचेंगे। यहां से वे पहले सुकमा जाएंगे और प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के निवास पर जाकर उनसे मुलाकात करेंगे। श्री देव के पिता का हाल ही में निधन हुआ है। वहां से वापस आने के बाद जगदलपुर में बस्तर कलस्टर की बैठक लेंगे। इस कलस्टर में बस्तर, कांकेर के साथ महासमुंद लोकसभा को रखा गया है।

दोपहर में आमसभा- बस्तर कलस्टर की बैठक के बाद श्री नड्डा रायपुर आकर यहां से हेलीकॉप्टर से राजनांदगांव जाएंगे और वहां पर लोकसभा चुनाव की पहली आमसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनके मंत्रिमंडल के ज्यादातर मंत्री, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर के सांसद और रायपुर, दुर्ग संभाग की विधानसभाओं के विधायक, भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी भी शामिल है।


## झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
कम्बाइंड बिल्डींग, ओल्ड चास कोट एरिया, बोकारो।

ई- निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा संख्या :- 38/2023-24/RWD/EE/BOKARO दिनांक – 24.01.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रुप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/BOKARO /STPKG/13/20 23-24 | (i) पी0डब्लू0डी0 पथ से बुधीबगिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई-1.700 कि0मी0)। (ii) पी0डब्लू0डी0 पथ से जुनोडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई-1.500 कि0मी0)। (iii) नावाडीह से कुरलिलवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई-3.800 कि0मी0)। (iv) आर0ई0ओ0 पथ से पी0डब्लू0डी0 पथ 15 माईल भाया भलमारा पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई-3.650 कि0मी0)। (v) खैयोखार- भवानी पथ से खुटा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई-1.350 कि0मी0)। (vi) बारीडीह से गरडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई-4.450 कि0मी0)। (vii) पी0डब्लू0डी0 – भवानी पथ से गिरिडीह सीमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई- 2.300 कि0मी0)। (viii) काछो से गोवारडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई-1.700 कि0मी0)। (ix) धावाटांड से गोदरोटांड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई-3.650 कि0मी0)। (x) बंशी-बुडगढ़ा-पेंक पथ के नारायणपुर से दलकिरो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई-3.300 कि0मी0)। (xi) जगेश्वर मोड़ तरंगा से झबरुवर (तारानारी महिला क्लब) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई-1.650 कि0मी0)। | 12,95,25,900.00 | बारह करोड़ पंचान्वें लाख पच्चीस हजार नौ सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:- 05.02.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 15.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 17.02.2024 अपराह्न 03.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो, कम्बाइंड बिल्डींग, सिविल एस0डी0ओ0, ऑफिस ओल्ड चास कोट एरिया, चास बोकारो, झारखंड, पिन- 827013
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 9431060119


विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

"वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो।

PR.NO.316983 Rural Work Department(23-24):D








# छग में कड़ाके की ठंड, सरगुजा में 4 डिग्री, इस माह पहली बार रायपुर 15 से नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरगुजा संभाग में शीत लहर के हालात निर्मित हो गए हैं। बलरामपुर में पारा 4 डिग्री पहुंच गया है। वहीं राजधानी रायपुर में जनवरी माह का सर्वाधिक कम तापमान दर्ज किया गया। यहां गुरुवार को न्यूनतम तापमान 14.3 डिग्री दर्ज किया गया।

**खास खबर**

1. उत्तर से आ रही ठंडी और शुष्क हवाएं, ठंड से राहत
2. बलरामपुर में 4 डिग्री पहुंचा पारा, रायपुर में तापमान 14 .3 डिग्री



### छाया रहेगा कुहासा

*रायपुर में प्रातःकाल कुहासा छाया रहेगा। इसके पहले गुरुवार को भी आसमान में कुहासा छाया रहा। रायपुर का अधिकतम तापमान 25.9 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री कम है। सबसे अधिक तापमान बीजापुर में 29.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। 25 जनवरी को आए पश्चिमी विक्षोभ के बाद 27 जनवरी को पुनः पश्चिमी विक्षोभ के आने की आशंका है। इसके बाद ही न्यूनतम तापमान में राहत मिल सकेगी।*

आने वाले 48 घंटों तक तापमान में विशेष परिवर्तन के आसार नहीं हैं। अर्थात लोगों को आने वाले एक-दो दिनों तक कड़कड़ाती ठंड का सामना करना पड़ेगा। पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर से आ रही ठंडी और शुष्क हवाओं के कारण यह स्थिति निर्मित हो रही है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण आसमान आंशिक मेघमय रहेगा। हालांकि बारिश की स्थिति निर्मित नहीं होगी, मौसम शुष्क ही रहेगा।

# ठंड में खपत बढ़ी तो अंडा खाने लगा भाव, चिल्हर में कीमत 7.50 रुपए

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में ठंड के कारण लगातार अंडों की खपत बढ़ती जा रही दै। डिमांड ज्यादा होने का असर यह हुआ है कि कीमत भी लगातार बढ़ रही है। इस समय थोक में कीमत 6.50 और चिल्हर में 7.50 रुपए हो गई है। यहां रोज 70 लाख अंडों का उत्पादन हो रहा है। इसमें से 60 लाख अंडे रोज अपने राज्य में खप जा रहे हैं। मुश्किल से 10 लाख के आसपास ही अंडे दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। सामान्य समय में 30 से 40 फीसदी अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं।

छत्तीसगढ़ का नाम भी ज्यादा अंडे उत्पादन करने वाले राज्यों में शामिल है। यही वजह है कि यहां से दूसरे राज्यों में रोज अंडे जाते हैं। यहां कई बड़े पोल्ट्री फार्म हैं। इनमें लाखों की संख्या में अंडों का उत्पादन रोज होता है। कोरोना काल में जब लॉकडाउन लगा था, तो पोल्ट्री फार्म वालों ही हालत खस्ता हो गई थी। यहां 20 करोड़ से ज्यादा अंडों को कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ा था। स्थिति अंडों को फेंकने की आ गई थी, लेकिन लॉक डाउन हटने के कारण राहत मिली थी। इसी तरह से पिछले साल दो माह का सावन पड़ने के कारण भी अंडों को कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ा था, क्योंकि खपत आधा से भी कम हो गई थी। आमतौर पर प्रदेश में ठंड में अंडों की खपत बढ़ जाती है। सामान्य समय में जब यहां रोज 70 लाख अंडों का उत्पादन होता है, तो इसमें से 30 से 40 फीसदी यानी 20 से 30 लाख अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं, लेकिन ठंड में बाहर के राज्यों में भेजने के लिए बहुत कम अंडे बच रहे हैं।

**रोज उत्पादन 70 लाख, 60 लाख की डिमांड अपने राज्य में**



## 11 लोकसभा में व्यापारी सम्मेलन करने का लिया निर्णय

**रायपुर।** प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में गुरुवार को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। प्रदेश संयोजक लाभचंद बाफना ने व्यापार प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान रखते हुए छग के सभी 11 लोकसभा में व्यापारी सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिसके बाद राजधानी रायपुर में एक वृहद बड़ा व्यापारी महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। साथ ही इस बार छग की पूरी 11 लोकसभा सीट बीजेपी को जिताकर दिल्ली भेजेंगे, जिससे इस बार 400 पार का नारा पूरा होगा और प्रधानमंत्री लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक विजय के साथ प्रधानमंत्री बनेंगे।




# कांग्रेस आज करेगी लोकसभा चुनाव के दावेदारों की स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक शुक्रवार को होगी, जिसमें पार्टी के लोकसभा चुनाव के संभावित दावेदार अपने नाम का प्रस्ताव कमेटी के समक्ष रख सकते हैं। कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में कमेटी की चेयरपर्सन सांसद रजनी ताई पाटिल, राष्ट्रीय सचिव कृष्णा अल्लावरु एवं पंजाब के पूर्व मंत्री परगट सिंह लोकसभा वार चर्चा करेंगे।

राजीव भवन में 11.30 बजे स्क्रीनिंग कमेटी की पहली बैठक में लोकसभा वार संभावित दावेदारों के नामों पर चर्चा होगी। बताया गया है कि कार्यकर्ताओं से बातचीत कर, उनकी राय भी इस संबंध में ली जाएगी। स्क्रनिंग कमेटी फीडबैक के आधार पर आगे की रणनीति तय करेगी। बताया जाता है कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के कई मंत्री और वरिष्ठ विधायकों को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। उनमें से कुछ पूर्व मंत्रियों और वरिष्ठ विधायक भी दावेदारी कर सकते हैं। पहली बैठक में आने वाले नामों के आधार उन नामों को कमेटी आगे बढ़ाएगी, जिनके जीतने की संभावना अधिक है। विधानसभा चुनाव के दौरान जिन लोकसभा क्षेत्रों से पार्टी अधिक पिछड़ी है उनका भी फीडबैक लिया जाएगा।

### बस्तर और कोरबा में कांग्रेस सांसद


प्रदेश में 11 लोकसभा में से 2 सीट पर कांग्रेस सांसद हैं। शेष 9 लोकसभा में भाजपा का कब्जा है। कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत को फिर एक बार मौका दिए जाने की संभावना है। वहीं बस्तर लोकसभा में दीपक बैज सांसद हैं। पीसीसी अध्यक्ष बैज विधानसभा चुनाव में चित्रकोट से चुनाव हार गए थे। वहां पर उन्हें फिर टिकट दिया जा सकता है। अन्य 9 लोकसभा क्षेत्रों में नए प्रत्याशी तलाशे जाएंगे।

### लोकसभा वार समीकरण पर चर्चा

बताया जाता है कि राज्य में लोकसभा वार जातीय और अन्य समीकरणों के आधार पर प्रत्याशी तय किए जाएंगे। राज्य के नेताओं और जिला कांग्रेस अध्यक्षों से राय लेने के बाद दावेदारों के नामों में से पैनल बनाया जाएगा। पहली बैठक में उन सभी नामों पर विचार किए जाने के बाद दूसरी बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी केंद्रीय चुनाव समिति को अवगत कराएगी।

### कल प्रदेश चुनाव समिति की बैठक

चुनाव स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में मिले फीडबैक के आधार पर प्रदेश चुनाव समिति की बैठक 27 जनवरी को राजीवभवन में होगी। समिति के द्वारा सभी 11 लोकसभा चुनाव के दावेदारों और अन्य नामों पर विचार किया जाएगा। वहीं युवा कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भी रखी गई है। साथ ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रदेश संयोजक और जिला पर्यवेक्षकों की बैठक होगी।






# मंदिर होने के थोक में सबूत, इनमें शिलालेख खंडित मूर्तियां और वास्तु की वस्तुएं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| वाराणसी

ज्ञानवापी मस्जिद पर बड़ी खबर सामने आई है। वाराणसी जिला कोर्ट ने हिंदू-मुस्लिम दोनों पक्षों को एएसआई रिपोर्ट सौंप दी है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें हिंदू मंदिर होने का दावा किया। उन्होंने एएसआई रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि एएसआई ने कहा है कि मौजूदा ढांचे के निर्माण से पहले वहां एक बड़ा हिंदू मंदिर मौजूद था। यह एएसआई का निर्णायक निष्कर्ष है।हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि 839 पेज की रिपोर्ट में एएसआई की सर्वे रिपोर्ट में ये पाया गया है कि मस्जिद से पहले वहां हिन्दू मंदिर था, जो तोड़कर मस्जिद बनाई गई। एएसआई ने ये पाया है कि हिन्दू मंदिर का स्ट्रक्चर 17वीं शताब्दी में तोड़ा गया है और मस्जिद बनाने में मलबे का उपयोग किया गया है। दो तहखानों में हिन्दू देवी-देवताओं का मलबा मिला है। एएसआई की रिपोर्ट में ये पाया गया है कि मस्जिद की पश्चिमी दीवार एक हिन्दू मंदिर का भाग है। पत्थर पर फारसी में मंदिर तोड़ने में आदेश और तारीख मिली है। महामुक्ति मंडप लिखा पत्थर भी मिला है। विष्णु शंकर जैन ने कहा कि वजू खाने के सर्वे के लिए मांग करेंगे। एएसआई रिपोर्ट में बताया गया है कि मंदिर के खंभों को हल्का-फुल्का बदलकर नए ढांचे में उपयोग किया गया है। 32 ऐसे शिलालेख मिले हैं, जो पुराने हिंदू मंदिर के हैं।



### अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन बोले- सर्वे से सब कुछ साफ

*शृंगार गौरी के पूजा का अधिकार मांग रही चार महिलाओं लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास व रेखा पाठक की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णुशंकर जैन ने पक्ष रखा था। इस दौरान वजूखाने में हुए अधिवक्ता कमीशन की रिपोर्ट पेश की गई। अधिवक्ता की तरफ से कहा गया कि कमीशन की प्रक्रिया के दौरान शिवलिंग जैसी आकृति मिली थी। आकृति की एएसआई जांच का मामला सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन है। वजूखाने को सील किया गया है। ऐसे में उसके आसपास के क्षेत्र का एएसआई सर्वे किया जा सकता है। विष्णु जैन ने अदालत से कहा कि ज्ञानवापी परिसर का सर्वे हो तो एक और शिवलिंग मिल सकता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि ज्ञानवापी परिसर के पश्चिमी दीवार के पास खंडहरनुमा अवशेष, तीन गुंबद और व्यास जी के तहखाने की जांच एएसआई से रडार पद्धति से कराई जाए। विष्णुशंकर जैन ने सर्वे व हिंदू मंदिर के समर्थन में कई साक्ष्य व तथ्य भी अदालत के समक्ष रखे थे।*

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### वनवासी बिरहोरों के ...

